हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, मंगलवार, 6 मई 2025

तापमान
अधिकतम 34 .3 डिग्री
न्यूनतम 19 .7 डिग्री

11 नशा काबिलियत का करें, उपलब्धियों ..

12 मंडियों में प्रशासनिक पोल-पट्टी चौथी बार खुली ...


**शहर में आज**
▶▶ अंबेडकर चौक पर रक्तदान शिविर

**बिजली कट**
▶▶ सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक
आईएमटी वन और टू फीडर

**खबर संक्षेप**

### अवैध हथियार सहित युवक गिरफ्तार

**रोहतक।** पुलिस की एवीटी स्टाफ की टीम ने गश्त के समय एक युवक को अवैध हथियार सहित गिरफ्तार किया है। आरोपी से एक देसी पिस्तौल व रौंद बरामद हुआ है। आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आरोपी को अदालत में पेश किया गया है। मामले की जांच की जा रही है। एवीटी स्टाफ की टीम गांव बोहर के पास से आईएमटी एरिया की तरफ गश्त मे मौजूद थी। इस दौरान फूटवियर कॉलेज आईएमटी की तरफ से युवक को शक के आधार पर काबू किया गया।

### 7 को होगा कृषि यंत्रों का भौतिक सत्यापन

**रोहतक।** उपायुक्त धीरेंद्र खडग़टा ने बताया कि सीआरएम योजना 2024-25 के अंतर्गत अनुदान के लिए कृषि विभाग द्वारा 252 कृषि यंत्रो में से 250 का भौतिक सत्यापन गत नवम्बर को एक बार किया गया था। योजना के तहत अब उक्त सभी 250 कृषि यंत्रो का दूसरा भौतिक सत्यापन एवं बचे हुए 2 कृषि यंत्रों का पहला व दूसरा भौतिक सत्यापन 7 मई को किया जाएगा। धीरेंद्र खड़गटा ने बताया कि जिन किसानो के यंत्रों का भौतिक सत्यापन प्रथम भौतिक सत्यापन के दौरान नहीं हुआ था उन किसानों के यंत्रो का पहला व दूसरा भौतिक सत्यापन एक साथ किया जाएगा। रोहतक के सभी खंडों के किसानो के यंत्रो का भौतिक सत्यापन शेड्यूल अनुसार 7 मई को सुबह 10 बजे से दोपहर बाद 3 बजे तक (स्थान- पुराना शुगर मिल, रोहतक नई अनाज मंडी गेट नंबर-2 के सामने किया जायेगा।

### मूलभूत सुविधाओं से वंचित रोहतक सिटी

**रोहतक।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व जिला उपाध्यक्ष अड़ीचन्द निम्बड़िया ने कहा कि प्रदेश के रोहतक शहर को राजनीतिक गढ़ कहा जाता है जबकि शहर में जगह-जगह कूड़े के ढेर जमा है। बूंद-बूंद पानी के लिए शहर तरस रहा है। लोग पेयजल व्यवस्था की परेशानी के दौर से गुजर रहे है। लोग पानी के टैंकर खरीद कर पी रहे हैं। जबकि हर घर में कैंपर खरीदे जा रहे हैं। जेब पर खर्च बढ़ रहा है और बिजली यूनिट बढ़ रही है। रसोई गैस की कीमतें बढ़ती जा रही है। दिन प्रतिदिन महंगाई की मार से जीवन बसर करना मुश्किल हो गया है।

### पंचायत समिति अध्यक्ष-उपाध्यक्ष चुनाव 16 को

**रोहतक।** जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी राजपाल सिंह चहल ने बताया कि विभिन्न कारणों के चलते पिछले दिनों रोहतक पंचायत समिति के अध्यक्ष एव उपाध्यक्ष का पद खाली हो गया था। अब इन दोनों पदों को भरने के लिए 16 मई को चुनाव करवाया जाएगा। इसके लिए बकायदा अधिसूचना जारी कर दी गई है। चहल ने कहा कि तय तिथि के मुताबिक रोहतक पंचायत समिति के सभी सदस्य खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी कार्यालय पहुंचकर चुनाव प्रक्रिया में भाग लें। अधिकारी ने बताया कि इलेक्शन के लिए पंचायत समिति सदस्यों को बकायदा सरकारी पत्र भेज जा रहा है।


राजपाल सिंह चहल

---

लोगों के कंठ सूखे, शहर की कॉलोनियों में केवल एक समय ही सप्लाई

# जेएलएन नहर में पानी होने के बावजूद टेल और ग्रामीण क्षेत्रों तक नहीं पहुंच पा रहा

- पेयजल के लिए जिलेवासियों की जद्दोजहद अभी खत्म होने का नाम नहीं ले रही
- चंडीगढ़ से जनस्वास्थ्य विभाग के चीफ इंजीनियर भी रोहतक पहुंचे, लेकिन अब भी बनी हुई है समस्या

**पेयजल के लिए जद्दोजहद**





हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

पानी के लिए जिलावासियों की जद्दोजहद अभी खत्म होने का नाम नहीं ले रही है। कहीं लोग पेयजल किल्लत से त्रस्त हैं तो कहीं दूषित पेयजल सप्लाई से आहत हैं। शहर में केवल एक समय सप्लाई है जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में भी छह दिन छोड़कर पेयजल सप्लाई हो रही है। समस्या के समाधान की गुहार लगाने के बाद भी अधिकारियों की ओर से आश्वासन के अलावा कुछ नहीं मिल रहा है। ऐसे में आमजन की परेशानी बढ़ गई है। हालात यह हैं कि लोगों को पानी खरीदकर या दूरदराज के नलकूपों से ढोकर लाना पड़ रहा है। जबकि जेएलएन में पानी का स्तर भी बढ़ चुका है। बोहर व बलियाणा गांव निवासी सुंदर, पवन, अमन, जयसिंह, अरविंद, मनोज समेत अन्य लोगों ने कहा कि बहुत पहले सीएम को पानी की समस्या को लेकर शिकायत कर चुके हैं, जिस पर विभाग ने तत्काल कार्रवाई कर साफ पानी की सप्लाई शुरू की थी। अब दोबारा से यह समस्या बनी हुई है। अगर विभाग समस्या का स्थाई समाधान कर दे तो दूषित पेयजल की समस्या दोबारा से नहीं होगी। क्योंकि कुछ जगहों पर पुरानी पाइपलाइन के चलते यह समस्या बनी हुई है। गांव के लोगों को दूर दराज लगें नलकूपों से ही पानी भरकर लाना पड़ रहा है। यहीं नहीं गांव के लोग तीन से चार बार उपायुक्त से भी मिल चुके है, लेकिन पीने के पानी की सप्लाई का कोई समाधान नहीं किया जा रहा है।

### जेएलएन: पानी का स्तर 2400 क्यूसिक तक पहुंचा

सोमवार को जवाहर लाल नेहरू (जेएलएन) फीडर में पानी का स्तर 2400 क्यूसिक तक पहुंच गया। पानी का लेवल बढ़ने से जन स्वास्थ्य विभाग के जलघरों में अब ग्रेविटी से पानी की आपूर्ति होने लगी है। सिंचाई विभाग का कहना है कि यमुना नदी में पानी का लेवल बढ़ने से फीडर में पानी का स्तर बढ़ा है। विभाग का कहना है कि अगले सोमवार तक पानी चलेगा। इसके बाद भालौठ सब ब्रांच में पानी की आपूर्ति 12 मई से शुरू होगी। सब ब्रांच में एक सप्ताह तक पानी की सप्लाई बाराबंदी के मुताबिक रहेगी। ये सब तभी होगा, जब तय शेड्यूल में सिंचाई विभाग एक दो दिन का बदलाव नहीं करेगा। कई बार ऐसा होता है कि ग्रुप में एक दो दिन जल की आपूर्ति अधिक कर दी जाती है। जिसकी वजह से इतनी देरी अगली ग्रुप के नहरों में होती है।

### खेड़ी साध में भी दिक्कत

खेड़ी साध निवासी रणबीर ने बताया कि पिछले वर्ष भी पानी की समस्या से पूरा गांव बेहाल था। यहीं हाल अब होने वाला है। समय पर लोगों को पानी नहीं मिल पा रहा है। यहीं नहीं पूर्व में भी उपायुक्त को दो बार शिकायत कर चुके हैं। लेकिन समस्या का समाधान ही नहीं किया जा रहा है। शिकायत के बाद अधिकारी एक्शन में तो आते है, लेकिन उसका स्थाई समाधान नहीं कर पाते है।

### शहर की कई कॉलोनियां अब भी टैंकर के सहारे

शहर में अभी भी ज्यादातर कॉलोनियों में पानी की किल्लत चल रही है। सुबह थोड़ी देर के लिए एक समय ही सप्लाई दी जा रही है। सुभाष नगर निवासी प्रवीन सहगल ने बताया कि शायद पहले कभी ऐसा हुआ हो कि पानी की पूर्ति के लिए नागरिकों को टैंकर मंगवाने पड़े हो। प्रशासन व नेता जिम्मेदारी को टालते हुए एक दूसरे पर आरोप लगाकर नागरिकों के साथ मजाक कर रहे हैं।

### विभाग शिकायतों के प्रति गंभीर

विभाग को इस तरह की शिकायत मिलती है तो तत्काल इसका समाधान किया जाता है। फिर भी इस तरह की कहीं समस्या चल रही है तो उसका तत्काल समाधान करवाया जाएगा। ग्रामीण एरिया में भी इस तरह की दिक्कतें हैं तो वहां भी जांच करवाई जाएगी और नियमित रूप से पानी सप्लाई की जाएगी। **-अनिल कुमार**, एसडीओ, जनस्वास्थ्य व अभियांत्रिकी विभाग

### जहां दिक्कत है वहां टैंकर भेजे जा रहे हैं

गांव में लोगों को पानी दिया जा रहा है। जहां पर पानी की समस्या बनी हुई है, वहां पर पानी के लिए व्यवस्था पूरी करवाई जा रही है। आमजन को पानी के लिए परेशान नहीं होने दिया जाएगा। जहां भी पानी की दिक्कत होती है वहां पर पानी का टैंकर भिजवाया जाता है।
**मनीषा नांदल**, पार्षद

### बलियाणा में भी परेशानी

बलियाणा निवासी जगमेंद्र, अजीत व सुरेश ने बताया कि ग्रामीण एरिया में विभाग की ओर से एक दिन छोड़कर एक समय ही पानी दिया जाता है। बहुत बार देखने में आया कि दो दिन बाद भी पानी की सप्लाई दी जाती है। इसके चलते लोगों को बाहर से ही पानी के टैंकर मंगवाकर पानी की पूर्ति पूरी करनी पड़ती है।

---

# अस्थल बोहर में महिला ने फंदा लगाकर की खुदकुशी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

गांव अस्थल बोहर में एक महिला ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन शुरू कर दी। महिला नेपाल की रहने वाली है जो अपने पति के साथ किराए के मकान में रह रही थी। घटना के बाद महिला का पति गायब है।

जानकारी के अनुसार, महिला जमुना काफी समय से नेपाल से आई हुई है। वह अपने पति बसंत के साथ गांव में रह रही थी। इस दौरान महिला ने मकान में चुन्नी से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों को मामले का पता चला तो पुलिस को सूचना दी गई। अर्बन एस्टेट पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल शुरू की। एफएसएल एक्सपर्ट डॉ सरोज दहिया की टीम ने भी मौके पर आकर सबूत एकत्रित किए। परिजन आत्महत्या के कारणों के बारे में कोई ठोस जानकारी नहीं दे सके। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए पीजीआई भिजवा दिया है। मामले की जांच की जा रही है।

आईएमटी के एसएचओ मुकेश ने बताया कि उन्हें एक महिला के फांसी लगाकर आत्महत्या करने की सूचना मिली थी। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू की। मृतका का पति बसंत गायब है। पुलिस मृतका के पति बसंत की तलाश कर रही है।

# सड़क हादसे में स्कूटी सवार व्यक्ति की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सांपला

चुलियाणा मोड़ नेशनल हाईवे नंबर 9 चुलियाणा के पास सड़क हादसे में स्कूटी सवार की मौत हो गई जबकि दूसरा घायल हो गया। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने घायल के बयान पर कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर कानून कार्रवाई शुरू कर दी। जबकि मृतक के शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों के हवाले कर दिया। मुताबिक चुलियाणा निवासी रमेश व जगबीर सिंह शाम को रोहतक से अपनी स्कूटी पर सवार होकर घर लौट रहे थे। चुलियाणा मोड़ पर क्रॉस करने लगे तो सांपला की तरफ से आ रही एक कार ने सीधी स्कूटी में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि स्कूटी पर सवार दोनों व्यक्ति सड़क पर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। आस पास के लोगों ने तुरंत उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टरों ने रमेश को मृत घोषित कर दिया जगबीर का इलाज चल रहा है। मृतक गांव में कपड़े सिलने का काम करता था। घटना के बाद कार चालक गाड़ी को मौके पर छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों के हवाले कर दिया।

---


रोहतक। योगाभ्यास करते पुलिस के अधिकारी व जवान। फोटो : हरिभूमि

# पुलिस लाइन में जवानों ने किया योग अभ्यास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

पुलिस द्वारा सोमवार को पुलिस लाइन में जवानो ने योगाभ्यास किया। जवानों ने अलग-2 प्रकार के व्यायामों के अभ्यास किए। जवानों को ध्यान लगाने की क्रिया के बारे में भी अवगत कराया गया। जवानो को योग आसन का भी अभ्यास करवाया। सुबह की शुरुआत योग से करने बारे प्रेरित किया गया। योग से शरीर मजबूत और लचीला बनता है। जवानो को स्वस्थ रहने के लिए नियमित रूप से व्यायाम करने, संतुलित भोजन खाने व उचित नींद लेने व स्वस्थ रहने के उपायो बारे भी विस्तार से बताया। शारीरिक फिटनेस के साथ-साथ मानसिक स्वास्थय का ध्यान रखे व रोज़ाना अपने लिए समय निकाल कसरत करने बारे सलाह दी। योग तनाव को कम करता है व बेहतर नींद देता है। योग दिमाग को शांत रखता है। योग के अतिरिक्त रोहतक पुलिस अस्पताल व नेचुरल आयुर्वेद सेंटर के सहयोग से पुलिस लाइन में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में पुलिस कर्मचारियों के स्वास्थ्य की जांच की गई।

सोनीपत रोड पर स्थित स्कूल के पास वारदात

# तीन युवकों ने लाठी डंडों से पीटा और रुपये मांगे



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

सोनीपत रोड पर स्थित एक स्कूल के पास कार सवार बदमाशों ने एक युवक पर हमला कर दिया। हमलावर युवक को जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायल की शिकायत पर कार्रवाई शुरू कर दी। गांव नौनंद निवासी समीर ने बताया कि वह सोनीपत रोड पर एक स्कूल के पास दीपांशु के साथ कार में बैठकर बरवाला सामान्य अस्पताल हिसार जा रहा था। इस दौरान वहां एक कार आई और उसमें से तीन युवक लाठी-डंडे लेकर उतरे। हमलावरों ने आते ही उस पर हमला कर दिया। जबकि उसका दोस्त दीपांशु कार से उतरकर भाग गया। समीर ने बताया कि पहले तो हमलावर उसकी गाड़ी में बैठ गए और उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। इसके बाद हमलावरों ने उसे गाड़ी से बाहर निकालकर सड़क पर गिरा दिया और लाठी डंडों से मारने लगे। आरोपियों ने उसे जान से मारने की धमकी दी और मौके से फरार हो गए। समीर ने बताया कि आरोपियों में रितिक निवासी नौनंद, अंकित दहिया गांव सिसाना व अमन निवासी खरैंटी शामिल है। तीनों उनसे खर्चे के लिए रुपए मांगते थे, रुपए नहीं देने पर जान से मारने की धमकी देते थे। इसी रंजिश के चलते आरोपियों ने उस पर जानलेवा हमला किया है। थाना आईएमटी पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

रोहतक-भिवानी रोड पर कलानौर निगाना मोड़ के पास हादसा

# राजस्थान नंबर की बस में लगी आग दुकान और घर को भी भारी नुकसान

- पुलिस व फायर ब्रिगेड की गाड़ी मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाने का प्रयास किया

**आग की लपटे उठतीं**





हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

रोहतक-भिवानी रोड पर कलानौर निगाना मोड़ के पास एक राजस्थान नंबर की बस में आग लग गई। आग इतनी भयंकर थी कि उसने पूरी बस को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में बस जलकर खाक हो गई। घटना की सूचना पाकर पुलिस व फायर ब्रिगेड की गाड़ी मौके पर पहुंची आग पर काबू पाने का प्रयास किया गया। जानकारी के अनुसार, एक राजस्थान नंबर की बस भिवानी की तरफ से रोहतक की ओर जा रही थी। वह जैसे ही रोहतक भिवानी रोड पर निगाना मोड़ के नजदीक पहुंची तो बस में अचानक से अज्ञात कारणों के चलते आग लग गई। बस में आग लगी देखकर ड्राइवर ने बस को मुख्य रोड पर ही साइड में लगा दिया और आग पर काबू पाने की कोशिश की। आग इतनी भयंकर थी कि उसने पूरी बस को अपनी चपेट में ले लिया। घटना की सूचना पाकर पुलिस व फायर ब्रिगेड की गाड़ी मौके पर पहुंची और आग को बुझाने का प्रयास किया। आगजनी की घटना में बस की आग की चपेट में एक घर व दुकान का अगला हिस्सा भी आ गया। जिससे दुकानदार व मकान मालिक को काफी नुकसान उठाना पड़ा। हादसे में दुकान व घर के बाहर लगे बिजली के मीटर, मुख्य गेट, बिजली की तारे व पास में ही मौजूद एक निजी कंपनी की वाईफाई इंटरनेट कनेक्शन की वायर भी आग की चपेट में आ गई। किसी यात्री को किसी प्रकार का नुकसान नहीं उठाना पड़ा।

---

**परेशानी**


सड़क पर लगता है जाम, एचएसवीपी को पुलिस बल मुहैया करवाने की मांग

# नए बस अड्डे के पास लगने वाली सब्जी मंडी बंद करने की मांग, मुख्यमंत्री को भेजी शिकायत

- स्थानीय दुकानदारों को हो रहा है नुकसान, बाहरी उठा रहे मोटी रकम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

हर सोमवार और शुक्रवार को नए बस अड्डे के पास बनी मार्केट की पार्किंग में अवैध सब्जी मंडी लगाई जा रही है। यह मंडी पूरी तरह गैरकानूनी है और इसके कारण न सिर्फ मार्केट की दुकानों का व्यवसाय प्रभावित हो रहा है, बल्कि आसपास ट्रैफिक जाम होने की वजह से आमजन को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। सेक्टर 13 मार्केट के दुकानदार और किरायेदार पिछले 6 महीनों से लगातार इस गंभीर समस्या को उठा रहे हैं। इसके लिए कई बार सीएम को भी शिकायत की गई है।



शिकायतकर्ता रितेश दलाल, दीपक दहिया, अजीत डांगी, संजय हुड्डा व रणबीर मलिक ने बताया कि वे इस मामले में मुख्यमंत्री सहित उपायुक्त, नगर निगम आयुक्त और एचएसवीपी के अधिकारियों के समक्ष उठा चुके हैं। फिर भी प्रशासनिक कार्रवाई नहीं हो सकी है, क्योंकि एचएसवीपी को पुलिस बल उपलब्ध नहीं कराया गया। उन्होंने बताया कि वे मंडी लगाने वालों दुकानदारों को यहां से चले लाने के लिए कहते हैं, तो वे झगड़े पर उतारू हो जाते हैं। इससे तनाव और डर का माहौल बन चुका है। नया बस अड्डा से राजीव गांधी खेल परिसर रोड एक प्रमुख मार्ग है, वह भी मंडी के चलते हर सोमवार और शुक्रवार को पूरी तरह जाम हो जाता है। इससे न केवल दुकानदारों का व्यापार बाधित होता है, बल्कि आमजन, स्कूल जाने वाले बच्चें, मरीज और राहगीर भी बुरी तरह प्रभावित होते हैं। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि पुलिस बल उपलब्ध करवा कर एचएसवीपी द्वारा दिए गए आदेशों को लागू किया जाए। मंडी को हटाकर पार्किंग और सड़क को सामान्य उपयोग के लिए बहाल किया जाए। मंडी लगाने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए।




# आईजी ने किया साइबर क्राइम थाने का निरीक्षण, दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

**रोहतक।** रोहतक रेंज के नवनियुक्त आईजी वाई पूरन कुमार ने साइबर थाना रोहतक का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने ज्यादा से ज्यादा अमाउंट को होल्ड करवाकर पीड़ति को वापिस करवाने बारे दिशा निर्देश दिए। उन्होंने लंबित मामलों में भी तत्काल कार्रवाई करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि आम जन को किसी प्रकार की समस्या नहीं आने चाहिए और उनकी शिकायत पर तत्परता से कार्रवाई होनी चाहिए।

हरिभूमि सहेली
रोहतक, मंगलवार 6 मई 2025



मां एक शब्द भर नहीं है, एक एहसास है, इसे बयां करना आसान नहीं है। मां किसी भी युग की हो, उसने अपने मूल स्वभाव ममत्व को कभी नहीं बदला। हां, समय के बदलाव के साथ अपने आपको इस तरह जरूर बदला कि उसके बच्चों की परवरिश ऐसी हो कि वे जमाने के साथ कदमताल करें, उनका भविष्य उज्ज्वल हो। इस बदले दौर में मां की महिमा और ज्यादा बढ़ चुकी है।

# आज की मां

कवर स्टोरी

अलका सोनी

हमारे लिए मां-पिता दोनों ही समान रूप से आदर के पात्र हैं, लेकिन मां जननी होती है तो उसका दर्जा थोड़ा ऊंचा हो जाता है। मां शब्द भले ही एक अक्षर का है पर इसमें सारी सृष्टि समाहित है। बचपन से लेकर युवावस्था तक या कहें जब तक मां का साया हमारे ऊपर है, हमारा हाथ थामे रहती है, हमारा बहुत बड़ा संबल होती है। मां को कभी अपनी चिंता नहीं होती, उसे अपने बच्चों की चिंता रहती है। उनकी खुशी में ही उसकी खुशी है।

**बदलते युग में मां का सजग रूप:** युग कोई हो, मां की ममता, उसके व्यवहार, भावनाओं और प्रेमभाव में कभी कोई परिवर्तन नहीं आया। अगर कुछ दशक पहले की बात करें, जब प्रायः मां शिक्षित नहीं होती थी, लेकिन अपने लालन-पानल में कोई कसर नहीं छोड़ती थी। आज की अधिकतर मां जब शिक्षित है, उसका देखने-समझने का नजरिया बदला है, व्यापक हुआ है। अब वह बच्चे के बीमार पड़ने पर उसकी नजर उतारने के साथ ही डॉक्टर को भी दिखाती है। अगर हम कहें कि आज मां की भूमिका पहले से ज्यादा महत्वपूर्ण और चुनौती भरी हो गई है तो गलत नहीं होगा।

**आज भी केंद्रीय भूमिका में है:** समय के साथ मां के रूप और जिम्मेदारियों में बदलाव आया है, लेकिन मां की भूमिका आज भी उतनी ही महत्वपूर्ण और केंद्रीय है, जैसे पहले थी। वह सिर्फ शिक्षित ही नहीं हुई है, जागरूक भी हुई है। आज की मां जानती है कि बच्चे की परवरिश केवल खान-पान और पढ़ने-पढ़ाने तक सीमित नहीं है। वह बच्चों में बुद्धिमत्ता, आत्मविश्वास और निर्णय लेने की क्षमता को बढ़ाना जरूरी समझती है। पहले की मांएं अनुभव के सहारे चलती थीं, आज की शिक्षित मांएं, अनुभव के साथ-साथ नए रिसर्च और डिजिटल संसाधनों का भी सहारा लेती हैं। वे टेक्नोलॉजी के इस युग में इंटरनेट से लेकर एप्स तक, ऑनलाइन लर्निंग से लेकर सोशल मीडिया तक, हर संसाधन से परिचित रहना चाहती हैं ताकि बच्चे की परवरिश में कोई कमी न रह जाए। उनका बच्चा बदले जमाने में कहीं पीछे न रह जाए। आज की मां जानती है बच्चों को डिजिटल दुनिया से वाफिक कराना कितना जरूरी है। पढ़ी-लिखी होने के कारण वह इसका महत्व समझती है। आधुनिक मांएं नई पीढ़ी के व्यक्तित्व निर्माण में अपनी बहुत ही बड़ी भूमिका निभा रही हैं।

## परवरिश का बदला स्वरूप



पहले की मांओं का परवरिश में बच्चों पर अनुशासन और परंपरा का अधिक जोर होता था, लेकिन आज की मांएं सिर्फ अपनी ही नहीं चलातीं, अपने बच्चों की भी सुनती हैं। वे अपने बच्चों के सवालों को दबाती नहीं, उन्हें सुनती हैं। वे अपने बच्चे के हर 'क्यों' का जवाब देती हैं। नए दौर की मांएं अपने बच्चों से संवाद रखना जरूरी समझती हैं। उन्हें डराने-धमकाने की जगह शांति से उनकी मन की उलझनों को दूर करती हैं। साथ ही अपने बच्चों को भविष्य की जिम्मेदारियों के लिए तैयार करती हैं, मजबूत बनाती हैं।

**मल्टीटास्किंग की मिसाल:** आज की अधिकांश मांएं घर के साथ-साथ ऑफिस की भी जिम्मेदारी निभा रही हैं। वे मल्टीटास्किंग की मिसाल हैं। सुबह ऑफिस के लिए स्वयं भी तैयार होती हैं। बच्चों का टिफिन बनाती हैं, मीटिंग्स अटेंड करती हैं फिर बच्चों की ऑनलाइन क्लास, होमवर्क और उनकी भावनात्मक जरूरतों का भी ध्यान रखती हैं। इसके साथ ही घर के बाकी कामों के बीच भी सामंजस्य बनाए रखती हैं। ये सब देख बच्चों में भी सामंजस्य की क्षमता का विकास होता है। बेशक यह काम आसान नहीं है, लेकिन उनका यह अंदाज बताता है कि आज की मांएं अपनी प्राथमिकताओं और समय प्रबंधन की अच्छी समझ रखती हैं। वे थकती हैं लेकिन हताश-निराश नहीं होतीं।

**समझती हैं बच्चों के मनोभाव :** आज की मां अपने बच्चों के मनोभावों को अच्छी तरह समझती है। वह बच्चों को भावनाएं छिपाने की बजाय व्यक्त करने के लिए प्रेरित करती है। पहले 'लड़के रोते नहीं' जैसी बातों को सामान्य माना जाता था, अब मां सिखाती है कि भावनाओं का इजहार जरूरी है, यह कोई कमजोरी नहीं है। वे बेटे और बेटियों दोनों की परवरिश समान रूप से करती हैं। बच्चे की हर छोटी-बड़ी बात को गंभीरता से लेती हैं, उसे सुनती हैं, जरूरत के अनुसार समझती हैं। यह बच्चों की परवरिश का ऐसा अंदाज है, जो उन्हें भावनात्मक रूप से मजबूत बनाता है।

**समानता की पक्षधर:** आज की शिक्षित मां लैंगिक समानता की पक्षधर है। वह बेटी को भी वही अवसर देती है, जो बेटे को मिलते हैं। फिर चाहे वह पढ़ाई से जुड़े अवसर हों या पोषण से जुड़े। वह बेटे को बताती है कि घर का काम सिर्फ लड़कियों का नहीं, लड़कों का भी है। साथ ही उनके मन में लड़कियों के प्रति सम्मान



की भावना जगाती है। वह बेटियों को स्वाभिमान और आत्मनिर्भर होकर जीना सिखाती है। साथ ही आज की मां अपने बच्चे को सच्चाई, ईमानदारी, करुणा और जिम्मेदारी जैसे गुणों की भी सीख देती है। वह जानती है कि केवल डिग्रियां ही नहीं, अच्छे संस्कार भी सुखी और खुशहाल जीवन का आधार हैं।

**परिस्थितियों से खुद जूझना सिखाती है:** आज की मां यह समझती है कि हर समय बच्चे के सिर पर खड़े रहना उसे मजबूत नहीं बनाएगा। उसे थोड़ा आजादी देना भी जरूरी है ताकि वह अपने पैरों पर खड़ा हो, आत्मनिर्भर बने। वह बच्चों को फैसले लेने देती है, उनसे गलती होने पर सीखने का अवसर देती है। बदली हुई परिस्थितियों को देखते हुए नए जमाने की मां बच्चों की एक ढाल बनकर तो रहती है, लेकिन बच्चों को परिस्थितियों से खुद जूझना भी सिखाती है।

**अपने वजूद को लेकर सजग:** आज की मां को कई तरह की चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। करियर का दबाव, समाज की अपेक्षाएं और कभी-कभी अकेलेपन की पीड़ा। फिर भी वह मुस्कराती है, क्योंकि वह जानती है कि उसकी मुस्कान ही बच्चों की हिम्मत है। इन सबके बीच भी वह अपने वजूद को लेकर सजग रहती है। पहले मां अपनी इच्छाओं, शौकों और करियर को त्याग देती थी। आज की मां जानती है, खुद का ख्याल रखना भी जरूरी है। तभी वह अपने बच्चों की अच्छे से परवरिश कर सकेगी। आज की मां योग करती है, किताबें पढ़ती है, यात्रा करती है, अपने लिए भी समय निकालना जरूरी समझती है।

आज की मां समय का तकाजा समझती है। अपने बच्चों के सपनों को पंख देती है, लेकिन उनके पैरों को जमीन से जोड़े भी रखती है। आज की मां सिर्फ एक मां नहीं, शिक्षक है, गाइड है और अच्छी दोस्त भी है। वह अपने बच्चों को सिर्फ जीना नहीं, एक सार्थक जीवन जीना सिखाती है। इस तरह मां ने समय के अनुरूप अपनी भूमिका बढ़ाकर समाज-परिवार में अपनी उपादेयता को नए आयाम दिए हैं।

# मां को भी चाहिए आपका प्यार भरा साथ

याद कीजिए अपना बचपन, जब मां आपके लालन-पालन में दिन-रात एक किए रहती थीं। आपको जरा भी तकलीफ नहीं होने देती थीं। आपकी चिंता में उसे अपनी सुधि नहीं रहती थी। ऐसे प्यार भरे साथ और देखभाल की अब आपकी वृद्ध मां को जरूरत है, जो आपको करनी है। उनकी खुशी को अपनी खुशी समझना है।



केयरिंग

सरस्वती रमेश

आज की तेज रफ्तार जिंदगी में बूढ़े मां-बाप या तो गांवों में अकेले छूट गए हैं या शहर में बेटे-बहू के साथ रहते हुए भी अकेलापन महसूस करते हैं। यह अकेलापन तब और ज्यादा दुखदायी हो जाता है, जब पिता, मां को अकेला छोड़ दुनिया से विदा हो जाते हैं। ऐसा नहीं है कि हम अपनी अकेली मां को समय नहीं दे सकते। तमाम व्यस्तता के बावजूद भी हम अपनी मां की देखभाल कर सकते हैं, उन्हें अपना प्यार देकर खुश रख सकते हैं। बस हमें कुछ बातों का ध्यान रखना होगा।

**मां से जुड़ी रहें:** मां, उम्र के हर पड़ाव पर अपने बच्चों का हाथ थामे रखती है। उन्हें हर बुरी-अच्छी स्थिति में अपना प्यार-दुलार देकर एक भरोसा बनाए रखती है। लेकिन मां को भी वृद्धावस्था में अपने बच्चों के साथ की जरूरत होती है। उसका शरीर कमजोर हो चुका होता है। ऐसे में उसे अपने बच्चों का सहारा चाहिए होता है। इसलिए बड़े होने के बाद बच्चे रोज समय निकालकर अपनी मां के पास बैठें, उनसे बात करें। मां को महसूस कराएं कि वह अकेली नहीं हैं। ऐसे बिहेव से मां अपने मन की हर बात आपसे शेयर करेंगी। आप मां के खाने-पीने, दवा, एक्सरसाइज, मनोरंजन आदि का ख्याल रखें। अगर आप वर्किंग हैं तो घर पर उनकी समुचित देखभाल की व्यवस्था करके ऑफिस जाएं। ऑफिस आकर बीच-बीच में उन्हें फोन कर उनके स्वास्थ्य और जरूरतों के बारे में पूछती रहें। घर के फैसलों में मां की सलाह जरूर लें। उन्हें घर की हर बात से अवगत जरूर कराएं। उनके जीवन के अनुभव आपके बहुत काम आ सकते हैं। कोई सेलिब्रेशन हो तो उसमें मां को जरूर शामिल करें। इससे उन्हें खुशी मिलेगी।



**दूर रहकर भी रखें उनका ध्यान:** आज जो बच्चे बड़े होने पर मां से दूर रहते हैं, वे मोबाइल की मदद से भी अपनी मां की देखभाल कर सकते हैं। विदेश या दूर शहरों में रहने वाले अनेक लोग अपनी मां की जरूरत और पसंद का हर सामान ऑनलाइन बुक कर उनके पास पहुंचा देते हैं। यहां तक कि उनकी दवाइयां, डायपर आदि भी वो दूर बैठे-बैठे भेज देते हैं। वीडियो कॉल कर उनके करीब होने का एहसास दिलाते रहते हैं।

**मां को दें आत्मीय सलाह:** मां बनने के बाद महिलाओं का जीवन घर-परिवार और बच्चों की देखभाल करते बीतता है। बच्चों के आगे उन्हें अपना ख्याल रखने की भी फुर्सत नहीं मिलती। उम्र बढ़ने पर मां भुलक्कड़ और चिड़चिड़ी हो जाती हैं। ऐसे में मां को प्यार से समझाएं, ताकि उनका गुस्सा और चिड़चिड़ापन कम हो। मां की जरूरत की चीजों को सही जगह पर रखकर, समय पर उपलब्ध कराकर उनके दिमाग को शांत रखें। अगर मां कभी कोई गलती कर रही हैं तो उन्हें प्यार और समझदारी भरी सलाह दें।

**मदर्स-डे पर मां को स्पेशल फील कराएं:** मदर्स-डे के बहाने ही सही, अपनी मां को आउटिंग पर ले जाएं। आप किसी प्राकृतिक सौंदर्य वाली जगह या हिस्टोरिकल प्लेस पर ले जा सकती हैं। अच्छा हो मां से ही पूछ लें कि वह कहां जाना पसंद करेंगी। याद रखें, बूढ़े होने पर इच्छाएं बूढ़ी नहीं होतीं। इसलिए अपनी वृद्ध मां को खुशियों के पल बिताने का मौका जरूर दीजिए, इससे उनका अकेलापन दूर होगा, वह मानसिक रूप से स्वस्थ-प्रसन्न रहेंगी।



अगर आपकी मम्मीं अपनी स्किन केयर पर ज्यादा ध्यान नहीं देती हैं। तो आप उन्हें यहां बताए जा रहे कुछ ईजी स्टेप्स फॉलो करवाएं। इससे बढ़ती उम्र में भी उनकी स्किन ग्लोइंग दिखेगी।

# 45 प्लस में भी ग्लो करेगी आपकी मदर की स्किन

केयर

सरिता गुप्ता

आमतौर पर 45 से 50 की उम्र तक पहुंचते-पहुंचते महिलाएं अपने ड्रेस सेंस और लुक को लेकर ज्यादा कॉन्शस नहीं रहती हैं। लेकिन एक बेटी के तौर पर आप जरूर चाहेंगी कि आपकी मॉम अच्छी दिखें, उनके फेस पर ग्लो नजर आए। इसके लिए जब आप प्यार से अपनी मदर को स्किन केयर के लिए यहां दिए जा रहे सजेशंस के बारे में बताएंगी तो वे इन्हें जरूर फॉलो करेंगी। वैसे ही जैसे अल्का की बेटी आशी ने किया। एक दिन कॉलेज से आने के बाद आशी ने कहा, 'मम्मी आप इतनी प्यारी हो, लेकिन अपनी स्किन की केयर बिल्कुल नहीं करती हैं। इस उम्र में स्किन की केयर करना बहुत जरूरी है, नहीं तो आपकी स्किन पर रिंकल्स, झाइयां और डलनेस बढ़ती जाएगी।' अपनी बेटी की बात अलका को सही लगी। उसने अपनी स्किन केयर के लिए जो टिप्स फॉलो किए, इसके बारे में आप भी जानिए।

**सीरम:** मिड एज के बाद रात को सोते समय एंटी एजिंग सीरम का यूज जरूर करें। बढ़ती उम्र की महिलाओं को हमेशा रेटिनोइड बेस्ड सीरम ही लगाना चाहिए, क्योंकि इस उम्र में स्किन का कोलेजन कम होने लगता है और इसी वजह से चेहरे पर झुर्रियां पड़ने लगती हैं। ऐसे में, आपको अपनी स्किन टाइप के अनुसार एंटी एजिंग सीरम का यूज करना चाहिए। इसके यूज से झुर्रियां और फाइन लाइंस की समस्या भी धीरे-धीरे कम होने लगती है।



**सनस्क्रीन:** घर पर रहने वाली ज्यादातर महिलाएं सनस्क्रीन का यूज नहीं करती हैं। लेकिन एक्सपर्ट्स के अनुसार, बढ़ती उम्र में घर में रहते हुए भी सनस्क्रीन का यूज जरूर करना चाहिए। इससे मार्केटिंग के लिए या किसी भी काम से घर से बाहर निकलने पर स्किन को सूरज की अल्ट्रावायलेट किरणों से बचाया जा सकता है, इससे दाग-धब्बों और टैनिंग की समस्या भी दूर हो जाती है।



**एलोवेरा:** फ्रेश एलोवेरा जैल, त्वचा को नमी प्रदान करता है और जवां बनाए रखता है। इसमें मौजूद एंटीऑक्सीडेंट्स के कारण ये स्किन की ड्राईनेस को भी दूर करता है। साथ ही हाइड्रेट बनाए रखने में मदद करता है। अगर आप एलोवेरा जैल में विटामिन-सी कैप्सूल ऑयल को मिक्स करके रात को सोते समय चेहरे पर लगाएं तो फेस पर ग्लो बढ़ने लगता है।

**दही-हल्दी पैक:** दही और हल्दी में एजिंग के लक्षणों को कम करने और फाइन लाइंस की समस्या को दूर करने की क्षमता होती है। इसलिए इस फेस पैक को बढ़ती उम्र की महिलाओं को जरूर अप्लाई करना चाहिए। इस पैक को हफ्ते में एक या दो बार लगाने से स्किन लंबे समय तक यंग और ग्लोइंग बनी रहती है।

**पपाया पैक:** अगर आपके चेहरे पर दाग-धब्बे और ब्लैक हेड्स जैसी समस्याएं हो रही हैं, तो आप पपीते का फेस पैक लगा सकती हैं। पपीते में एंटीऑक्सीडेंट्स होते हैं, जो स्किन को फ्री-रेडिकल्स से बचाते हैं। यह फेस पैक लगाने से चेहरे की झुर्रियां कम होती हैं और स्किन यंग बनी रहती है। 45 की उम्र के बाद इसे अप्लाई करना स्किन के लिए काफी फायदेमंद होता है।

**कच्चा दूध:** कच्चे दूध में विटामिन-ए होता है, जो स्किन को सही मात्रा में न्यूट्रिशन देने में मदद करता है। इसे लगाने से स्किन सॉफ्ट बनी रहती है। इसके रोज इस्तेमाल से चेहरे पर टाइटनेस बरकरार रहती है और स्किन स्मूद भी होती है। इसे आप अंडर आई पर भी आसानी से लगा सकती हैं, जिससे डार्क सर्कल भी कम होने लगते हैं।

**(स्किन एक्सपर्ट राहुल जोशी से बातचीत पर आधारित)**

# मॉम के लिए स्पेशल गिफ्ट

सजेशन

मानसी

मां को अपने बच्चों से और बच्चों को अपनी मां से बेइंतहा प्यार होता है। मदर्स-डे आए तो बच्चे अपनी मां को जरूर कोई प्यारा-सा गिफ्ट देना चाहेंगे। उनकी यही कोशिश होगी अपनी मॉम को जो भी गिफ्ट दें, उन्हें पसंद जरूर आए। अच्छा गिफ्ट खरीदना आसान काम नहीं है, इसके लिए काफी सोचना पड़ता है कि पता नहीं मॉम को हमारा गिफ्ट पसंद आए या नहीं? हम आपको कुछ स्पेशल गिफ्ट आइटम्स सजेस्ट कर रहे हैं, आप इन्हें अपनी मॉम को प्रेजेंट कर सकती हैं। उन्हें आपका गिफ्ट जरूर पसंद आएगा।

**स्टाइलिश रिस्ट वॉच:** रिस्ट वॉच एक स्पेशल गिफ्ट आइटम है। आप जब अपनी मॉम को यह गिफ्ट देंगी और वह इसे अपनी कलाई पर बाधेंगी तो आपको जरूर याद करेंगी। आजकल तो बेहद स्टाइलिश रिस्ट वॉचेज मार्केट में अवेलेबल हैं, जैसे कि ब्रेसलेट स्टाइल में, जिसे आपकी मॉम अपनी किसी भी ड्रेस के साथ वियर कर सकती हैं। इनमें गोल्डन या सिल्वर टोन में अगर आप रिस्ट वॉच खरीदती हैं तो यह सभी तरह की ड्रेस पर सूट करेगी।



**रेडिमेड सूट या ड्रेस:** अगर आपकी मॉम को अलग-अलग ड्रेस वियर करने का शौक है तो उन्हें कोई सुंदर-सी ड्रेस गिफ्ट कर सकती हैं। आजकल मार्केट में रेडिमेड ड्रेस के ढेरों ऑप्शन हैं। अगर आपकी मॉम को सूट पहनना पसंद है तो आप उन्हें रेडिमेड सूट दे सकती हैं या फिर सूट का कोई सुंदर-सा फैब्रिक भी दे सकती हैं, जिसे वह अपनी पसंद के हिसाब से बनवा लेंगी।

**क्रिएटिव फोटो फ्रेम:** आपने देखा होगा कि आजकल फोटोज को अलग-अलग तरह से इस्तेमाल करके कुछ डेकोरेटिव आइटम्स क्रिएट किए जाते हैं। आप भी इसी तरह अपनी मॉम के साथ खुद की फोटो या पूरे परिवार की फोटोज का कोलाज फोटोफ्रेम क्रिएट करवा कर मॉम को गिफ्ट कर सकती हैं।

**आर्टिफिशियल ज्वेलरी:** किसी फैमिली फंक्शन में आपकी मॉम कुछ न कुछ डिफरेंट पहनना पसंद करती होंगी, तो आप उनकी मैचिंग की ज्वेलरी उन्हें गिफ्ट दे सकती हैं। जैसे कि गले का नेकलस या फिर हाथ की मैचिंग ज्वलेरी। जिससे उनका ऑल ओवर लुक डिफरेंट नजर आएगा।

**स्टाइलिश एसेसरीज :** एसेसरीज में अकसर मॉम को पर्स पसंद आते हैं। आप भी अपनी मॉम के लिए उनकी पसंद को ध्यान में रखते हुए कोई अलग तरह का पर्स गिफ्ट कर सकती हैं। पर्स ऐसा लें, जो मॉम की सभी ड्रेस पर सूट करे। पर्स के अलावा आप उन्हें बेल्ट या फिर हेयर एसेसरीज भी दे सकती हैं।

मेडिकल एडवाइस

डॉ. रविंद्र गुप्ता
सीनियर कंसल्टेंट-मेडिसिन
सी.के. बिड़ला हॉस्पिटल, गुरुग्राम

बचपन से लेकर अब तक मम्मी आपकी सेहत का ख्याल रखती आ रही हैं। अब आपकी बारी है कि बढ़ती उम्र में उनकी जरूरतों को समझें, उनकी हेल्थ और फिटनेस को लेकर अवेयर रहें। अपनी मम्मी की हेल्थ केयर कैसे करें, आपके लिए यूजफुल एडवाइस।

# ऐसे करें मां की हेल्थ केयर वे रहेंगी हेल्दी-एनर्जेटिक

मिड एज के बाद मेनोपॉज स्टेज शुरू होने पर यानी पैंतालीस-पचास की उम्र में महिलाओं के शरीर में कई तरह के हॉर्मोन संबंधी बदलाव होते हैं। उनके शारीरिक-मानसिक स्वास्थ्य पर इसका गहरा असर दिखाई देता है। इस एज में बदलावों से गुजर रही अपनी मां की देखभाल करना आपकी जिम्मेदारी है। इस दौरान आप अपनी मम्मी की सेहत का विशेष रूप से ध्यान रखें। आप उनके साथ बातचीत के लिए समय निकालें, साथ ही उनकी सेहत संबंधी समस्याओं और भावनात्मक जरूरतों को समझें।

**डॉक्टर से करें कंसल्ट:** उम्र के इस दौर में अधिकतर महिलाएं मेनोपॉज संबंधी शारीरिक या फिर भावनात्मक बदलाव का सामना कर रही होती हैं, ऐसे में उन्हें आपके इमोशनल सपोर्ट की भी जरूरत होती है। आप अपनी मम्मी से उनकी समस्याओं के बारे में खुलकर बात करें। इस दौरान महिलाओं को कई बार अनियमित पीरियड्स, हैवी ब्लीडिंग, हॉट फ्लैशेज (सर्दी के मौसम में भी शरीर का तापमान बढ़ना और पसीना आना) जैसे लक्षण नजर आएं, तो बिना देर किए उन्हें किसी स्त्री रोग विशेषज्ञ के पास लेकर जाएं और डॉक्टर की बताई दवाएं खिलाने के साथ लाइफस्टाइल और डाइट में जरूरी बदलाव करवाएं। मेनोपॉज के बाद महिलाओं के शरीर में एस्ट्रोजेन और प्रोजेस्टेरॉन हार्मोन का लेवल कम हो जाता है। ये दोनों हार्मोन उनकी हड्डियों के लिए सुरक्षा कवच का काम करते हैं, लेकिन इन दोनों हार्मोन की कमी से उनको ऑस्टियोपोरोसिस जैसी समस्या हो सकती है।



**मेंटल हेल्थ का रखें ध्यान:** हार्मोन संबंधी असंतुलन के कारण ही मिडिलएज में महिलाओं में तनाव, उदासी, एंग्जाइटी जैसी कई मनोवैज्ञानिक समस्याओं के भी लक्षण नजर आते हैं। ऐसी स्थिति में आप अपनी मम्मी के साथ क्वालिटी टाइम बिताएं, उन्हें उनकी रुचि से जुड़े कार्यों, जैसे म्यूजिक, डांस, पेंटिंग, बागवानी आदि में व्यस्त रहने के लिए प्रेरित करें। इस दौर में अनिद्रा संबंधी समस्या भी बहुत परेशान करती है, इसलिए इस बात का ध्यान रखें कि आपकी मम्मी को रोजाना आठ घंटे की पर्याप्त नींद मिले। स्वस्थ रहने के लिए उन्हें रोजाना, योगाभ्यास, मेडिटेशन और ध्यान करने को प्रेरित करें।

**मेडिकल चेकअप है जरूरी:** मां का रेग्युलर मेडिकल चेकअप बहुत जरूरी है।

**मैमोग्राम:** 40-45 साल की उम्र के बाद ब्रेस्ट कैंसर की आशंका बढ़ जाती है। इसलिए दो साल में एक बार मैमोग्राम करवाना जरूरी है।

**पैपस्मीयर-एचपीवी टेस्ट:** सर्वाइकल कैंसर या यूटेरस संबंधी बीमारियों का पता लगाने के लिए यह जांच करवाई जाती है। हर तीन साल के अंतराल पर यह जांच करवाएं।

**बोन डेंसिटी टेस्ट:** मेनोपॉज के बाद हड्डियां कमजोर होने का खतरा बढ़ता है, इसलिए अपनी मम्मी की ये जांच भी अवश्य कराएं।

**ब्लड प्रेशर-कोलेस्ट्रॉल:** बढ़ती उम्र में इन दोनों समस्याओं के बढ़ने की आशंका भी रहती है। इसलिए कोलेस्ट्रॉल की जांच के अलावा बीपी की भी जांच कराएं।

**ऐसी होनी चाहिए मां की डाइट:** मां की डाइट में मिल्क प्रोडक्ट्स जैसे दूध, दही, पनीर और छाछ को प्रमुखता से शामिल करें, लेकिन डॉक्टर की सलाह के बिना अपने मन से कैल्शियम का सप्लीमेंट न खिलाएं। आयरन की कमी से अकसर एनीमिया की समस्या होती है, इससे बचाव के लिए उनकी डाइट में हरी पत्तेदार सब्जियों, गाजर, चुकंदर, खजूर, सेब, अमरूद, गुड़, चना और मूंगफली को शामिल करें।

प्रस्तुति: विनीता

## खबर संक्षेप

### पंचदेव मूर्तियों की स्थापना की

**रोहतक।** रवि पुष्य नक्षत्र के मुहूर्त पर पंचदेव मूर्तियों की स्थापना की गई। अशोक कौशिक ने बताया कि यह कार्यक्रम श्री हरि हर धाम ट्रस्ट द्वारा किया गया। इस दौरान रुपया चौक झज्जर बाईपास स्थित जय मां गायत्री यज्ञशाला में रवि पुष्य नक्षत्र के अवसर पर हनुमान, विष्णु लक्ष्मी, विश्वकर्मा, गणेश, राधा-कृष्ण और शिव परिवार देवों की स्थापना की गई। स्वामी विश्वेश्वरानंद गिरि महाराज ने दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। हरिओम वशिष्ठ ने बताया किहवन एवं भंडारे का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर संचित नांदल, हिमांशु ग्रोवर, प्रतिभा सुमन, टीकाराम सैनी, नरेश गौड, विजय आर्य कोटा क्लासेज के डायरेक्टर संदीप कुमार रहे।

### केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल का जन्मदिन मनाया

**महम।** निंदाना गांव में केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर का जन्म दिन मनाया गया। इस मौके पर मास्टर जिले सिंह समारोह के मुख्य अतिथि रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सु रेश राठी ने की। कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों के मेधावी छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया। इस दौरान बच्चों को प्रसाद वितरित किया गया। इस मौके पर हरियाणा विदयालय शिक्षा बोर्ड के वॉयस चेयरमैन सतीश, जिला शिक्षा अधिकारी मंजीत मलिक , खंड शिक्षा अधिकारी सरिता, सांगी प्रदीप राय, मंजीत दहिया , डीएसपी बिजेंद्र, पवन राठी, मास्टर जयप्रकाश शास्त्री , योगाचार्य धीरेन्द्र, हरिओम, रामनिवास रोहिला, धर्मा नेहरा आदि रहे।

### बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ बारे जागरूक किया

**रोहतक।** गांव किलोई स्थित सीएचसी बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ तथा भ्रूण हत्या पाप है, के विषय पर सरपंच-पंच सम्मेलन आयोजित किया गया। किलोई खास के सरपंच विजय तथा किलोई दोपाना की सरपंच पूजा, सरपंच प्रतिनिधि भजन लाल तथा पंच सुजेंद्र ने भाग लिया। वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. गुरु दत्त शर्मा ने बताया कि बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ के बारे में जागरूक किया गया। गाँव में इस विषय पर विभिन्न आयोजन करने के लिए योजना कार्यक्रम बनाया गया ताकि सभी को यह सन्देश दिया जाये की भ्रूण हत्या पाप है तथा प्रसव पूर्ण लिंग जांच करवाना दंडनीय अपराध है।

### कुलपति ने औचक निरीक्षण किया

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने सोमवार को यूनिवर्सिटी इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलोजी का औचक दौरा किया। इस दौरान उन्होंने शैक्षणिक, प्रशासनिक, स्टूडेंट प्लेसमेंट समेत अन्य व्यवस्थाओं का गहन निरीक्षण किया तथा विद्यार्थियों और फैकल्टी से भी संवाद किया। कुलपति ने यूआईईटी में चल रही सेशनल परीक्षाओं का जायजा लिया और विद्यार्थियों से संवाद किया।

# फार्मेसी विभाग में कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के फार्मेसी विभाग में सोमवार को कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव योर कॅरियरः अवर मिशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। करियर काउंसलिंग एवं प्लेसमेंट सेल के सहयोग से आयोजित इस दो दिवसीय कार्यक्रम का उद्घाटन एमडीयू कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने किया। कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने इस मौके पर प्लेसमेंट की तैयारी, उद्योगों की आवश्यकताओं और करियर विकास के विभिन्न पहलुओं पर विद्यार्थियों का मार्गदर्शन दिया। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन छात्रों को रोजगार के बेहतर अवसर प्रदान करते हैं और उन्हें उद्योग जगत की वास्तविक आवश्यकताओं से रूबरू कराते हैं। उन्होंने इस कार्यक्रम के आयोजन के लिए फार्मेसी विभाग के अध्यक्ष प्रो. दीपक कौशिक और उनकी टीम को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।


रोहतक। आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते एमडीयू कुलपति प्रो. राजबीर सिंह। फोटो : हरिभूमि

### देश की प्रतिष्ठित कंपनियों ने लिया साक्षात्कार

इस प्लेसमेंट कार्यक्रम में देश की प्रतिष्ठित फार्मास्युटिकल कंपनियों सिपला, ब्रेनवेव हेल्थकेयर, हेल्थकार्ट, केदार ड्रग्स तथा माइंडवेव हेल्थकेयर भाग ले रही हैं। सिपला के वाइस प्रेसिडेंट एंड हेड कॉर्पोरेट अफेयर्स विपुल गुप्ता, एसोसिएट डायरेक्टर नवीन शर्मा टीम लीड पॉलिसी सौरभ परमार, ब्रेनवेव एचआर सोहित, सेल्स मैनेजर लोकेन्द्र सिंह पाल, माइंडवेव हेल्थकेयर के सेल्स मैनेजर राजबीर सिंह तथा केदार ड्रग्स के एचआर अरविन्द कुमार एवं उनकी टीम ने बी.फार्मा और एम.फार्मा के छात्रों का साक्षात्कार लेकर चयन प्रक्रिया आरंभ की।

### प्लेसमेंट से जुड़ी तैयारियों पर प्रकाश डाला

फार्मेसी विभागाध्यक्ष प्रो. दीपक कौशिक ने विभाग की उपलब्धियों और प्लेसमेंट से जुड़ी तैयारियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि इस कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का समापन 6 मई को होगा। सीसीपीसी कोऑर्डिनेटर प्रो. महेश कुमार, डा. सलोनी कक्कड़, डा. अनुराधा, अंशु और डा. अभिलाषा ने कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का संचालन एवं समन्वयन किया। इस अवसर पर विभाग के प्राध्यापक प्रो. अरुण नंदा, डा. अनुराग खटकड़, डा. विनीत मित्तल समेत फार्मा कंपनियों के अधिकारी एवं प्रतिभागी विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### छात्रों ने कुलपति को सौंपा ज्ञापन

**रोहतक।** पं. भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित इंस्टीट्यूट ऑफ मेंटल हेल्थ में अध्ययनरत एम फिल साइकेट्रिक सोशल वर्क (पीएसडब्ल्यू) के छात्रों के साथ हो रहे भेदभावपूर्ण एवं अन्यायपूर्ण व्यवहार के खिलाफ छात्रों ने विश्वविद्यालय प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में उन्होंने प्रशासन की लापरवाही और भेदभावपूर्ण व्यवहार के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है और आग्रह किया है कि परीक्षा में बैठने से पूर्व उन्हें रोल नंबर और नो ड्यूज तत्काल प्रभाव से प्रदान किए जाएं। छात्रों का कहना है कि जनवरी 2023 के बाद से अब तक हॉस्टल फीस भरने को लेकर कोई आधिकारिक सूचना, नोटिस या रिमाइंडर जारी नहीं किया गया।

## वर्ल्ड रेड क्रॉस डे के उपलक्ष्य में नशे के खिलाफ जागरूक किया

# नशा काबिलियत का करें, उपलब्धियों का करें, शरीर के नाश का नहीं : वीसी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रोहतक

नशा काबिलियत का करें, उपलब्धियों का करें। युवा नशे के दुष्प्रभावों बारे जागरूक बनें और समाज में नशे को जड़ से मिटाने के लिए जागरूकता की अलख जगाएं। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने ये बात सोमवार को वर्ल्ड रेड क्रॉस डे के उपलक्ष में आयोजित कार्यक्रम के दौरान कही। एमडीयू की यूथ रेड क्रॉस समिति तथा डीन, स्टूडेंट वेलफेयर ऑफिस के संयुक्त तत्वाधान में स्वराज सदन में वर्ल्ड रेड क्रॉस डे के उपलक्ष में प्रीवेंटिव एजुकेशन अगेंस्ट ड्रग एब्यूज विषय पर जागरूकता कार्यक्रम तथा स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का शुभारंभ करते हुए कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने युवाओं से नशे के खिलाफ सजग प्रहरी के तौर पर अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने का आह्वान किया। आवर प्रिंसिपल्स इन एक्शन थीम पर आयोजित इस कार्यक्रम में कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने कहा कि विद्यार्थी मूल्यों में विश्वास करें, उन पर गर्व करें। उन्होंने कहा कि नशा न करना मूल्यपरक जीवन जीने की बात है। डीन, स्टूडेंट वेलफेयर प्रो. रणदीप राणा ने कार्यक्रम की रूपरेखा पर प्रकाश डाला। रिसोर्स पर्सन वैश्य कॉलेज भिवानी के मनोविज्ञान विभाग से डॉ. इंदु तंवर ने नर्चरिंग मेंटल हेल्थ फॉर बैटर लाइफ तथा वैश्य कॉलेज भिवानी के मैनेजमेंट विभाग से डॉ. प्रोमिला दहिया सुहाग ने अवेयरनेस जेनरेशन अगेंस्ट ड्रग एब्यूज विषय पर विशेष व्याख्यान दिया। वाईआरसी काउंसलर डॉ. कविता ने मंच संचालन किया। ने आयोजन सहयोग दिया। इस जागरूकता कार्यक्रम में प्रतिभागियों को नशीली दवाओं के दुरुपयोग के दीर्घकालिक परिणामों से अवगत करवाया गया। रक्तदान शिविर में 60 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। इस अवसर पर निदेशक युवा कल्याण डॉ. प्रताप राठी, वाईआरसी काउंसलर डॉ. धीरज खुराना, डॉ. कपिल मल्होत्रा, डॉ. दीपक लठवाल, गणित विभाग के अध्यक्ष प्रो. सुमित गिल, पूर्व डिप्टी मेयर राजू सहगल, वाईआरसी प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर प्रो. अंजू धीमान आदि रहे।



रोहतक। वर्ल्ड रेड क्रॉस डे के उपलक्ष में आयोजित कार्यक्रम का दीप जलाकर शुभारंभ करते कुलपति प्रो. राजबीर सिंह। फोटो : हरिभूमि


रोहतक। वर्ल्ड रेड क्रॉस डे के उपलक्ष में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद प्रोफेसर ,शहर के पार्षद व विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

### नशा न करने वाला श्रेष्ठ व्यक्ति

कुलपति ने कहा कि नशा न करने वाला श्रेष्ठ व्यक्ति है अनुकरणीय व्यक्ति है। उन्होंने युवाओं से अपनी ऊर्जा को सकारात्मक दिशा में लगाने की बात कही। उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भरता और आत्मगौरव का नशा अपने भीतर पैदा करें। इससे पूर्व रक्तदान शिविर का शुभारंभ करते हुए कुलपति ने कहा कि रक्त की एक एक बूंद कीमती है। रक्तदान महादान है। मूल्यों को व्यावहारिकता में लाएं। मेयर राम अवतार वाल्मीकि ने कहा कि नशे की समस्या का समाधान जागरूकता से है। उन्होंने कहा कि नशे की बुराई को जड़ से मिटाने के लिए विद्यार्थी खुद जागरूक बनें और जागरूकता की अलख जगाएं। पूर्व मेयर मनमोहन गोयल ने कहा कि नशे से खुद भी बचें और समाज को भी बचाएं।



## मनोहर लाल के जन्मदिन पर नेत्रहीन छात्रों, वृद्ध लोक वादकों ने की प्रार्थना

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रोहतक

केंद्रीय मंत्री व प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल का 71वां जन्मोत्सव धार्मिक, सामाजिक व राष्ट्र को समर्पित भावना से ओत प्रोत रहा। कला परिषद रोहतक के निदेशक व मुख्यमंत्री के ओएसडी गजेंन्द्र फौगाट ने बताया कि आज 5 मई को कला परिषद, लोक कला संगठन व लोक कलाकारों ने मिलकर पंडित श्री राम रंगशाला में स्थित कला परिषद कार्यालय में यज्ञ हवन करके मनोहर लाल की दीर्घायु व स्वास्थ्य की कामना की। इसके बाद दिव्यांग बच्चों के साथ जन्मदिन मनाया। उन्हें फल वितरित करके मनोहर जन्मोत्सव का दूसरा चरण नेत्रहीन छात्र-छात्राओं संग पूर्ण किया गया। तीसरे चरण में कलाकारों द्वारा महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में नवनीत हुड्डा की अध्यक्षता में आयोजित रक्तदान करके पहलगाम शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई। यहां अन्य गणमान्य व्यक्तियों व मदवि के छात्र-छात्रााएं भी रक्तदान में शामिल हुए। इसके पश्चयात कला परिषद के प्रांगण व सेक्टर 2 में वृक्षारोपण करके सामाजिक सरोकार से मनोहर जन्मोत्सव का चौथा चरण पूरा किया गया। जन्मोत्सव के पांचवे चरण में सिसाना स्थित गौशाला में गुड़ व हरा चारा, पीड़ित पशु संघ व अन्य गौशाला में वितरित किया गया।

इस अवसर पर हरियाणा लोक कलाकार संगठन के प्रधान प्रदीप बहमनी, मुख्य सचिव नरेश कुंडू, कोषाध्यक्ष धर्मेन्द्र सांगी, भारत भूषण, प्रताप सारंगी जोगी, धुनीनाथ, राम दिया सपेरा बीन पार्टी, जयसिंह सपेरा बीन पार्टी, हरिकेश सारंगी, तकदीर सांगी, सलीम प्यारे, मेनपाल बुआना, राजेश, कामिल व अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

## पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना प्रतियोगिता के लिए जिले के 44 गांव का चयन किया गया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रोहतक

प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत देश के प्रत्येक जिला में एक-एक आदर्श सोलर गांव विकसित किया जाएगा। पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत आगामी 8 अक्तूबर 2025 तक आयोजित होने वाली मॉडल सोलर गांव प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए जिला के 44 गांवों का चयन किया गया है।उपायुक्त धीरेंद्र खडग़टा ने बताया कि पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की हिदायतों अनुसार मॉडल सोलर गांव के लिए चयनित गांवों में प्रतियोगिता होगी। इस प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले गांवों में सोलर ऊर्जा के ढांचा को विकसित करने के लिए एक करोड़ रुपए की राशि पुरस्कार के तौर दी जाएगी। इस योजना का मुख्य उद्देश्य प्रत्येक जिला में सोलर से युक्त गांव विकसित करना है तथा देशभर में घर की छतों पर सोलर लगाने को बढ़ावा देना है। गांवों में ऊर्जा के लिए हरित एवं स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा देना है। उपायुक्त धीरेंद्र खडग़टा ने बताया कि योजना के उद्देश्यों में गांवों को अपनी आवश्कताओं को पूरी करने के लिए आत्मनिर्भर बनाने के साथ-साथ बिजली बिलों पर खर्च होने वाली राशि को बचाने में मदद करना है।

### इन 44 गांवों को मिलेगी सुविधा



उपायुक्त धीरेंद्र खडग़टा ने बताया कि प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत मॉडल सोलर गांव के चयन के लिए 8 अक्तूबर तक होने वाली मॉडल सोलर गांव प्रतियोगिता के लिए जिला के 44 गांवों का चयन किया गया है। प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले गांव को सोलर एनर्जी ढांचा को विकसित करने के लिए एक करोड़ रुपए का पुरुस्कार प्रदान किया जाएगा। जिला के चयनित गांवों में टिटौली, चिड़ी, सांघी, खिड़वाली, इस्माइला 11बी, खरावड़, भालोट, जसिया, हसनगढ़, रूडकी, समचाना, रिठाल फोगाट, गांधरा, मकडौली कलां, पाकस्मा, किलोई दोपाना, किलोई खास, कंसाला, घरौंठी, बहुअकबरपुर, फरमाणा खास, लाखनमाजरा, गिरावड़, किशनगढ़, मदीना कोरसान, मदीना गिंधराण, निंदाना टीगरी, मोखरा खास, सीसर खास, खरकड़ा छाजान, भैणी महाराजपुर, बैंसी, बहलबा, मोखरा खेड़ी, काहनौर, बालंद, सुंडाना, बनियानी, करौंथा, निंगाना, कटेसरा, पिलाना व रिटौली शामिल है।

# केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के 71वें जन्म पर लगाए पौधे, शिविर में रक्तदान किया


रोहतक। पौधारोपण करते उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा। फोटो : हरिभूमि


रोहतक। शिविर में रक्तदाता को बैज लगाते भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मंत्री मनीष कुमार ग्रोवर व पीजीआई के कुलपति डॉ.एचके अग्रवाल। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रोहतक

केंद्रीय ऊर्जा, आवास एवं शहरी विकास मंत्री एवं पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के 71वें जन्म दिन के उपलक्ष में भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मंत्री मनीष कुमार ग्रोवर के कैंप कार्यालय में रक्तदान शिविर व पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में उपायुक्त धीरेंद्र खडग़टा, जिला पुलिस अधीक्षक नरेंद्र बिजारणिया, नगर निगम के आयुक्त धर्मेंद्र कुमार, अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार, संयुक्त आयुक्त भूपेंद्र सिंह व नमिता सिंह, पीजीआई के कुलपति एचके अग्रवाल के अलावा भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं प्रदेश उपाध्यक्ष सतीश नांदल ने मुख्य रूप से भाग लिया। इस मौके पर भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मंत्री मनीष कुमार ग्रोवर ने कहा कि साढ़े 9 साल बतौर मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने सुशासन और पारदर्शिता की मिसाल पेश की है, जिसके बूते पर भाजपा लगातार तीसरी बार हरियाणा में सत्ता में आई है। मेरिट के आधार पर सरकारी नौकरियां और अंत्योदय उत्थान के माध्यम से मनोहर लाल ने समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाया। उन्होंने कहा कि बिना पर्ची-बिना खर्ची के न केवल गरीब वर्ग के युवाओं का नौकरी लगने का सपना साकार हुआ, बल्कि पोर्टल के जरिये उन लोगों के घर द्वार योजनाएं पहुंची, जोकि दफ्तरों के चक्कर काट-काटकर थक चुके थे। भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष सतीश नांदल, रेनू डाबला, जिला प्रभारी जितेंद्र परमार, युवा भाजपा नेता हिमांशु ग्रोवर, पार्षद कपिल नागपाल, पार्षद प्रवीण कौशिक, पार्षद सुरेश किराड़, पार्षद डिंपल जैन, पार्षद अनीता मिगलानी व पार्षद अंजू सैनी, मनीश शर्मा, दिनेश टक्कर, नात्थी, सुरेश मुंजाल, नवीन नैन, जोगिन्द्र सैनी, विजय आर्य, बंसी विज आदि रहे।

### सामाजिक कार्य को सरहानीय बताया

उपायुक्त धीरेंद्र खडग़टा ने इस अवसर पर कहा कि पूर्व केंद्रीय मंत्रीमनोहर लाल के जन्मदिवस के उपलक्ष में रक्तदान व पौधारोपण दोनों ही सराहनीय कार्य किए गए हैं। उन्होंने कहा कि यह सब लोग जानते हैं कि रक्त का कोई विकल्प नहीं है। रक्त को मनुष्य द्वारा ही दान के रूप में दिया जाता है। उन्होंने कहा कि दान किए हुए रक्त से कब किसकी जान बच जाए, यह किसी को मालूम नहीं होता। उन्होंने कहा कि रक्तदान बेहद पुण्य का कार्य है। उन्होंने कहा कि हरेक स्वस्थ व्यक्ति को नियमित रूप से रक्तदान करना चाहिए। इसके साथ ही उपायुक्त धीरेंद्र खडग़टा ने यह भी कहा कि केंद्रीय मंत्री श्री मनोहर लाल का आज 71वां जन्मदिन है। आयोजकों ने 71 पौधे ही लगाने का निर्णय लिया है।

## केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के जन्मदिन पर रक्तदान किया

**रोहतक।** केंद्रीय मंत्री व पूर्व मुख्यमन्त्री मनोहर लाल के 71 वे जन्मदिन के अवसर पर अंबेडकर चौक स्थित देश भक्ति स्मारक स्थल पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। झज्जर रोड सैनी धर्मशाला में भी कैम्प लगाया गया। इस दौरान मेयर रामअवतार वाल्मीकि, पूर्व मेयर मनमोहन गोयल, पूर्व सीनियर डिप्टी मेयर राजू सहगल और भाजपा नेता अजय बंसल ने भी अम्बेड़कर चौक पर मौजूद रहे। भाजपा जिलाध्यक्ष रणवीर ढाका ने रक्तदान कर प्रेरित किया।


रोहतक। केंद्रीय मंत्री के जन्मदिन पर आयोजित रक्तदान शिविर में शामिल लोग।

# भाजपा नेता ने अनाथालय में जन्मदिन मनाया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रोहतक

रोहतक। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता सूरज रसंवत ने अपना जन्मदिन सोमवार को लखीराम अनाथालय में बच्चों के साथ केक काटकर मनाया। इस अवसर पर उन्होंने पौधरोपण भी किया। उन्होंने बच्चों को खाने पीने की वस्तुएं भी भेंट की। इसमें पूर्व मंत्री मनीष कुमार ग्रोवर ने सूरज रसवंत को शाल पहनाकर जन्मदिन की शुभकामनाएं दी। मनीष कुमार ग्रोवर ने कहा कि हर खुशी के अवसर पर पौधरोपण जैसे पुनीत कार्य अवश्य करें। कार्यक्रम में सूरज रसवंत ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए। सूरज रसवंत ने कहा कि घर, आंगन, स्कूल, चौपाल या सार्वजनिक स्थान पर पेड़-पौधे लगाने चाहिए। पर्यावरण संरक्षण हम सब की सामूहिक जिम्मेदारी है और पौधे लगाने से भी ज्यादा पौधो की देख रेख व उनका पालन पोषण करना जरूरी हैं।


रोहतक। गोहाना रोड़ पर लखीराम अनाथालय बच्चों के साथ सूरज रसवंत का जन्मदिन मनवाते पूर्व मंत्री मनीष कुमार ग्रोवर। फोटो : हरिभूमि

TOP-IN-TOWN रोहतक बाजार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें: विज्ञापन विभाग, हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
मो. 9996959400, 9996985800, 9996965600, 9996954600

NEW FRESH BATCHES
CLAT (LAW) 2026/27
IPM (IIMs) 2026/27
BANK SSC MCA NDA
T.I.M.E. Triumphant Institute of Management Education Pvt. Ltd.
D-Park, Delhi Road Rohtak M. 9254304337

PRIME SCHOOL UNIFORMS
Mfrs & Traders: All Types of School Uniforms, T-Shirts, Lower & Track Suits etc.
Deals in All Kind of School Bag, School Shoes & Stationary Items
Shoes 20% off
VIPIN KUMAR M. 9812587499
All School Dress also available
▸All Vaish School ▸Vedanta School ▸Shiksha Bharti ▸Scholar Rosary ▸St. Pall School ▸ZAD Global School ▸Model School ▸Shivalik School ▸DAV School ▸MRGS School ▸Baba Mast Nath School ▸GD Royal School
802/12, Arya Nagar, Opp. Vedic Ashram, Near HUDA Complex, Rohtak | Ph.: 01262-258299

मानसरोवर हॉस्पिटल
REQUIRES
- BAMS 6
- PRO 5
- NURSING STAFF 4
- ICU STAFF 10
- MALE NURSING STAFF 5
नजदीक पी.एन.बी. बैंक, विकास नगर के सामने, सोनीपत रोड, रोहतक
Tel. :- +91-1262-253500 Mobile: 9254302848, 9053005599

## खबर संक्षेप



### सांघी गांव में लगा जोड़ों के दर्द का जांच कैंप

**रोहतक।** मां दानो देवी धर्मार्थ ट्रस्ट की तरफ से संचालित विमल प्रसाद जैन एवं सुशीला देवी जैन फिजियोथैरेपी सेंटर पर सांघी गांव में फ्री कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें लोगों ने आकर अपने जोड़ों के दर्द की जांच करवाई। इस दौरान बहुत लोगों का मौके पर ही इलाज किया गया। संस्था के संचालक तस्वीर हुड्डा ने बताया कि इस कैंप का आयोजन हर सप्ताह सांघी गांव के बस अड्डे के नजदीक किया जाता है। संस्था के कोषाध्यक्ष नवनीत हुड्डा ने बताया कि इस निशुल्क कैंप का आयोजन उद्योगपति और समाजसेवी राजेश जैन की तरफ से किया जा रहा है। जिसका संचालन मां दानो देवी धर्मार्थ ट्रस्ट की तरफ से किया जाता है। उन्होंने बताया कि शिविर में मरीजों की जांच डॉक्टर अरमान द्वारा की गई। साथ ही डॉक्टर ज्योति बतौर सहायक मौजूद रही।

### वीएलडीए की मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

**महम।** पशुपालन विभाग के वीएलडीए अपनी मांगों को लेकर पिछले तीन साल से लगातार संघर्ष कर रहे हैं और पंचकूला में उनका धरना चल रहा है। धरने को तीन साल पूरे होने के बाद भी सरकार उनकी मांगों को नहीं मान रही। सरकार की हठधर्मिता की वजह से वीएलडीए एसोसिएशन के पदाधिकारियों में गहरा रोष है। इस संबंध में सर्वकर्मचारी संघ के नेताओं ने एक ज्ञापन महम के भाजपा नेता अजीत अहलावत को एक ज्ञापन सौंपा है। कर्मचारियों ने कहा है कि मुख्यमंत्री कार्यालय के स्तर पर स्वीकृत एवं सहमत मांगों की अधिसूचना जारी की जाए। वेटरनरी एसोसिएशन हरियाणा के प्रधान बिजेंद्र सिंह बैनीवाल और उनके साथी कर्मचारी आमरण-अनशन पर बैठने को मजबूर हुए हैं। उनका यह आमरण अनशन अधिसूचना जारी होने तक जारी रहेगा।

## चार बार पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से हुई बरसात

# मंडियों में प्रशासनिक पोल-पट्टी चौथी बार खुली, 60 हजार एमटी गेहूं भीगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रोहतक



रविवार की देर रात भी बरसात ने एक बार फिर से जिला प्रशासन की गेहूं को मंडियों में भीगने से बचाने के दावों की बखिया उधेड़ कर रख दी। बारिश से गेहूं भीगा और किसान असहाय होकर उसे देखता रहा। इस मौसम में चौथी बार बारिश से करीब 60 हजार एमटी अनाज भीगा है, कनक न भीगे, इसकी जिम्मेदारी आढ़तियों की होती है। आढ़ती को ही तिरपाल वगैरह की व्यवस्था करने का जिम्मा प्रशासन ने दिया हुआ है। लेकिन आढ़ती प्रशासनिक आदेशों की पालना करते नहीं हैं। गेहूं का भीगना किसानों के लिए कई तरह के नुकसान का कारण बन सकता है। भीगे हुए गेहूं में अंकुरण हो सकता है, जिससे फसल खराब होती है। नमी के कारण फफूंद लग सकती है, जो पूरे गेहूं के स्टॉक को खराब कर सकती है। इसके अलावा, भीगे हुए गेहूं की गुणवत्ता कम होना भी स्वभाविक है। बाजार मूल्य भी गिरता है,यह सर्वविदित है। अगर अनाज की सरकारी खरीद है तो खरीद एजेंसियां नहीं खरीदती हैं। खरीदा तभी जाता है जब वह सूखा होगा। क्योंकि गीले गेहूं का भंडारण नहीं किया जाता।

### 3 लाख मीट्रिक टन के करीब पहुंचा आंकड़ा

सीजन में 3 लाख 20 हजार मीट्रिक टन गेहूं खरीद का लक्ष्य सरकार ने तय किया हुआ है। बीते रविवार तक 2 लाख 92 हजार मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की जा चुकी है। अभी खरीद प्रक्रिया जारी है। उम्मीद है कि टारगेट हासिल हो जाएगा। समय से पहले गर्मी हुई तो गेहूं का दाना पूरी तरह से विकसित नहीं हो पाया।

### हर बारिश में असहाय किसान

*गत अप्रैल से किसानों ने गेहूं की कटाई-कढ़ाई शुरू की थी। अब फसल की कटाई पूरी हो गई है। खरीद सीजन के दौरान राज्य में चार पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हुआ। चारों ही बार बरसात हुई और इतनी बार गेहूं मंडियों में भीगा। बीते रविवार तक एजेंसियों ने जितनी खरीदारी की थी, उसमें 57566 मीट्रिक टन गेहूं मंडियों में खुले में पड़ा था। इसमें अधिकांश गेहूं भीगा है, ये किसी छुपा नहीं है। प्रशासनिक अधिकारी कहते हैं कि 232527 मीट्रिक टन को गोदामों में सुरक्षित रखवा दिया गया है। अधिकारियों का कहना है कि खरीद प्रक्रिया जारी है और अगले कुछेक दिनों तक भी सरकार के आदेशों पर खरीद जारी रहेगी। अफसर बताते हैं कि चालू सप्ताह में गेहूं उठान का कार्य सौ प्रतिशत पूरा कर दिया जाएगा।*

### आढ़तियों की ये गफलत

अब समय चल गया है, जब मौसम की जानकारी नहीं मिलती हो। सरकार द्वारा तीन चार पहले पूर्वानुमान जारी किया जाता है कि उस दिन पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होगा। बावजूद इसके सरकार ही आढ़तियों से गेहूं को बरसात से भीगने से बचाने के लिए तिरपाल की इंतजाम नहीं करवाती। गत रविवार को हुई बारिश से ठीक चार दिन पहले चौधरी चरण सिंह कृषि विश्वविद्यालय हिसार द्वारा पूर्वानुमान जारी किया था। लेकिन फिर भी आढ़तियों की वजह से मंडियों में कनक भीगा। गेहूं क्यों भीगा,इस पर कोई स्पष्टीकरण आढ़तियों से प्रशासन मांगेगा नहीं। क्योंकि सिस्टम ऐसा बना दिया गया है। जब गेहूं खरीद के बदले में सरकार आढ़ती को कमीशन देती है तो फसल को खराब होने से बचाने का जिम्मा किसी और को कैसे दिया जा सकता है।

## राई में हरियाणा राज्य स्तरीय शतरंज चैंपियनशिप

# रोहतक के रिनेक सिंह ने अंडर-7 वर्ग में हासिल किया प्रथम स्थान



हरिभूमि न्यूज ▶▶। रोहतक

सोनीपत जिले के राई में आयोजित 29वीं हरियाणा राज्य शतरंज चैंपियनशिप 2025-26 का समापन उत्साह के साथ हुआ। इस प्रतियोगिता का आयोजन सोनीपत जिला शतरंज संघ (पंजीकृत) द्वारा हरियाणा शतरंज संघ के तत्वावधान में किया गया था। यह चैंपियनशिप 3 से 4 मई तक एमआरएम यूनिवर्सिटी, सोनीपत में आयोजित की गई, जिसमें अंडर-7, अंडर-13 और अंडर-19 (लड़के और लड़कियां) वर्गों में हरियाणा भर से युवा प्रतिभाओं ने हिस्सा लिया। इस चैंपियनशिप में रोहतक जिले के युवा शतरंज खिलाड़ी रिनेक सिंह कादयान ने अंडर-7 लड़कों के वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान हासिल किया। रिनेक ने 6 राउंड में 6 अंक प्राप्त कर यह उपलब्धि अपने नाम की।

### विजेताओं को प्रमाण पत्र व ट्रॉफी से नवाजा

प्रतियोगिता के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में ग्रैंड मास्टर हिमांशु शर्मा, हरियाणा शतरंज संघ के सचिव नरेश शर्मा और विशेष अतिथि अंकित बन्यापुरिया उपस्थित रहे। अंकित बन्यापुरिया ने युवा खिलाड़ियों को प्रेरित करने के लिए अपने विचार साझा किए और उन्हें खेल में निरंतर मेहनत और लगन के महत्व को समझाया। समारोह में विजेताओं को प्रमाण पत्र, ट्रॉफी और पुरस्कार प्रदान किए गए। सोनीपत जिला शतरंज संघ की अध्यक्ष दया नंद सिंधु, हरियाणा शतरंज संघ के महासचिव वी.बी. कश्यप, आयोजन समिति के अध्यक्ष जय गोयल, मुख्य निर्णायक लक्ष्य अरोड़ा और टूर्नामेंट निदेशक स्वप्निल गोयल ने इस आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# भाविप का शपथ ग्रहण, परिवार मिलन व पारितोषिक वितरण समारोह मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रोहतक

- सनसिटी क्लब सेक्टर 36 में कार्यक्रम का आयोजन

भारत विकास परिषद् सैक्टर शाखा का शपथ ग्रहण परिवार मिलन, पारितोषिक वितरण समारोह धूमधाम से सनसिटी क्लब सेक्टर 36 में मनाया गया। रमेश अहलावत ने 9वें अध्यक्ष के रूप में शपथ ली। इसके साथ-साथ तरुण गुप्ता को सचिव, राकेश शर्मा को कोषाध्यक्ष के रूप में कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्रांतीय महासचिव दीपक जिंदल ने शपथ दिलवाई। समाजसेवी जयपाल भारद्वाज ने नशे व पर्यावरण पर गहरी चिंता जताते हुए परिषद् परिवार से एक विशेष अभियान चलाने का आग्रह किया। पार्षद सुशील नांदल ने अपने वार्ड के साथ-साथ समस्त रोहतक को स्वच्छ बनाने का आग्रह किया। इस मौके पर परिषद् की ओर से डॉ एएन कालिया, अशोक बंसल, कैलाश मित्तल, एमएल अरोड़ा, डीएन मिश्रा, एडवोकेट जोगिंद्र सिंह धमीजा को सम्मानित किया गया। उत्कृष्ट कार्य के लिए योगेश खुराना, कृष्ण लाल गिरधर, राजीव मलिक, संजीव धमीजा व डॉ दिव्या शर्मा को भी सम्मानित किया गया।



# जॉन वेस्ले कॉन्वेंट की प्राचार्य डॉ. ममता व डायरेक्टर सुरेंद्र मलिक स्कूल एक्सीलेंस अवार्ड से सम्मानित

- शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा से मिला सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रोहतक



गोहाना रोड स्थित जॉन वेस्ले कॉन्वेंट की प्रधानाचार्या डॉ ममता मलिक व डायरेक्टर सुरेंद्र मलिक को 3 मई को पानीपत इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग में आयोजित सम्मान समारोह में स्कूल एक्सीलेंस अवार्ड से हरियाणा के शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा द्वारा सम्मानित किया गया। उन्हें इस अवार्ड से सम्मानित किया जाना विद्यालय के लिए बेहद गौरव व प्रसन्नता की बात है। यह अवार्ड उनके कार्य करने के अनूठे तरीकों, उत्कृष्ट नेतृत्व शिक्षा की गुणवत्ता, छात्रों के विकास के लिए अपनाएं अभिनव तकनीकी कार्यशैली को श्रेष्ठ मानते हुए दिया गया। उनकी इस उपलब्धि पर विद्यालय के सभी अध्यापकों ने खुशी व्यक्त करते हुए उन्हें हार्दिक बधाई दी। प्रधानाचार्या ने विद्यालय को बुलंदियों पर ले जाने के लिए विद्यालय टीम के सदस्यों, सहयोगियों, छात्रों और अभिभावकों को उनके समर्थन और समर्पण के लिए दिया। उन्होंने कहा कि सभी के बिना यह उपलब्धि संभव नहीं होती।

### पंजाब के मुख्यमंत्री ओछी राजनीति बंद कर हरियाणा को दे तुरंत पानी : बलवंत मायना

**रोहतक।** इनेलो के राष्ट्रीय सचिव बलवंत मायना ने कहा कि पंजाब के मुख्यमंत्री भगवत मान पानी को लेकर ओच्छी राजनीति करना बंद कर दे और तुंरत हरियाणा के हिस्से का पानी दे, अन्यथा पंजाब सरकार को इसके गंभीर परिणाम भुगतने पड़ेगे। साथ ही उन्होंने कहा कि हरियाणा में जल संकट गहरा रहा है और केन्द्र सरकार को तुंरत इस मामले में हस्तक्षेप कर हरियाणा को उसके हिस्से का पानी दिलाना चाहिए। इनेलो के राष्ट्रीय सचिव बलवंत मायना सोमवार को गढ़ी सांपला किलोई हलके के गांव दतौड, गिझी, सांपला, अटायल, पाकस्मा, करसेटी, भालौठ व बोहर गांव में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सात मई को इनेलो प्रदेश अध्यक्ष रामपाल माजरा के नेतृत्व में रोहतक में पंजाब सरकार के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया जाएगा। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष डॉ. नफे सिंह लाहली ने कहा कि हरियाणा पंजाब से अपने दम पर पानी लेकर रहेगा। उन्होंने कहा कि पंजाब के मुख्यमंत्री ने पानी रोक कर मानवता को शर्मशार किया है। आज पूरे हरियाणा में पंजाब के खिलाफ भारी रोष है।





### नेशनल जोनल क्रिकेट चैंपियनशिप फॉर डेफ में अजय ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के सेंटर फॉर डिसेबिलिटी स्टडीज के विद्यार्थी अजय ने आईडीसीए छठे वन-डे नेशनल जोनल क्रिकेट चैंपियनशिप फॉर डेफ 2025 में नॉर्थ जोन की टीम की तरफ से भाग लिया और उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए नॉर्थ जोन टीम को विजयी बनाया। इंडियन डेफ क्रिकेट एसोसिएशन, नई दिल्ली द्वारा ईस्ट कोस्ट रेलवे स्टेशन, भुवनेश्वर में 26 से 30 अप्रैल तक आयोजित इस डेफ क्रिकेट प्रतियोगिता में नॉर्थ जोन की टीम विजेता रही। नॉर्थ जोन की टीम से खेलते हुए एमडीयू के डेफ छात्र अजय ने शानदार प्रदर्शन किया और इस प्रतियोगिता में नॉर्थ जोन की टीम को विजेता बनाने में अहम भूमिका निभाई। सीडीएस निदेशिका प्रो. प्रतिमा रंगा ने इस उपलब्धि के लिए छात्र अजय की सराहना की और उसकी हौसला अफजाई की। प्रो. प्रतिमा ने कहा कि सीडीएस के विद्यार्थी शिक्षा के साथ-साथ खेल के क्षेत्र में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं, जो गर्व की बात है। इस अवसर पर सीडीएस के टीचर्स ने भी अजय को इस उपलब्धि के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

### नगर पालिका में बेटी-बचाओ, बेटी पढ़ाओ विषय पर कार्यशाला आयोजित

**महम।** नगर पालिका कार्यालय महम के सभागार में बेटी बचाओ बेटी पढाओ विषय पर एक कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला का शुभारंभ नगर पालिका के वाइस चेयरमैन बसंत लाल गिरधर ने किया। कार्यशाला के आयोजक पार्षद विकास श्योराण ने बताया कि महम के ब्लॉक हेल्थ एजुकेटर सत्यवान नांदल और मेडिकल ऑफिसर धर्मेंद्र ने अपना व्याख्यान रखा। उहोंने घटते लिंगानुपात और युवाओं में नशे की बुरी लत पर विस्तार से चर्चा की। पार्षद बजरंगदास ने बेटियों की शिक्षा के साथ उनको संस्कार देने की बात कही। वही व्यापार मंडल के प्रधान जोगिंदर गिरोत्रा व गौरव रोहिल्ला ने बेटियों के जन्म को भी उत्सव के तौर पर मनाने की बात कही। नवरत्न ने गीत के माध्यम से अपनी बात रखी। नगरपालिका प्रधान भारती ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के साथ बेटी की सुरक्षा की बात कही। इस व्याख्यान के समापन अवसर पर पार्षद विकास श्योराण ने कहा कि सभी गर्भवती महिलाओं के रजिस्ट्रेशन हो एवं सभी मेडिकल स्टोर वालो को नगरपालिका सचिव की तरफ से एक पत्र लिखा जाए जिसमें स्पष्ट निर्देश हों कि डॉक्टर की पर्ची के बिना किसी भी व्यक्ति को कोई दवाई नहीं दी जाए। इस अवसर पर पूर्व प्रधान फतेह सिंह, पार्षद अनिल चांवरिया, विनोद गोयल, ईश्वर सिंह, रेणू बाल्मीकि पार्षद के पति मान सिंह, जयनारायण, संजय शर्मा आदि मौजूद रहे।




**महम।** नगर पालिका सभागार में आयोजित वर्कशॉप में भाग लेते जनप्रतिनिधि।



### हैंड वॉश स्वच्छता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम :आचार्य हेमवती

**रोहतक।** पंडित भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय के नर्सिंग कॉलेज की छात्राओं ने विश्व हाथ स्वच्छता दिवस के उपलक्ष्य पर आम जनता को एक्स-रे विभाग, वार्ड पांच व वार्ड 10 के सामने पोस्टरों और नुक्कड़ नाटक के माध्यम से ग्लोबल हैंड वाशिंग डे के महत्व के बारे में बताया। आचार्य हेमवती ने बताया कि बीएससी नर्सिंग प्रथम वर्ष की छात्राओं ने हैंड वॉश दिवस के अवसर पर आम जनता को जागरूक करने के लिए एक महत्वपूर्ण पहल की। उन्होंने पोस्टर के माध्यम से लोगों को स्वच्छता के महत्व के बारे में बताया और हाथ धोने के सही तरीके के बारे में जानकारी दी। हाथों को साबुन और पानी से धोना चाहिए, और हाथों को कम से कम 20 सेकंड तक धोना चाहिए। आचार्य सुशील शर्मा ने बताया कि नर्सिंग कॉलेज की छात्राओं ने आम जनता को जागरूक करने के लिए पोस्टरों के माध्यम से जानकारी दी। प्राचार्य प्रोफेसर सुनीता कुमारी ने अपने संदेश में कहा कि नर्सिंग कॉलेज की छात्राओं की यह पहल आम जनता को स्वच्छता के महत्व के बारे में जागरूक करने में सफल रही। लोगों को हाथ धोने के सही तरीके के बारे में जानकारी देने से वे अपने दैनिक जीवन में स्वच्छता के नियमों का पालन कर सकते हैं और बीमारियों से बच सकते हैं। इस अवसर पर अध्यापक हेमवती, राम मूर्ति सुशीला देवी और गीता मौजूद रहीं।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

## निवारण — एडीसी ने सुनीं नागरिकों की समस्याएं, दिए आवश्यक निर्देश

# अधिकारी समाधान शिविर में शिकायतों का तुरंत करें निदान : अतिरिक्त उपायुक्त

हर शुक्रवार को समाधान शिविरों की लंबित शिकायतों की वर्चुअली समीक्षा की जा रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रोहतक

अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार ने समाधान शिविर में नागरिकों की शिकायतों की सुनवाई करते हुए संबंधित अधिकारियों को शिकायतों के यथाशीघ्र निपटारे के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी के निर्देशानुसार नागरिकों की प्रत्येक शिकायत के निदान के उद्देश्य से सप्ताह के प्रत्येक सोमवार व वीरवार को समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे है। सरकार द्वारा हर शुक्रवार को समाधान शिविरों की लंबित शिकायतों की वर्चुअली समीक्षा की जा रही है। नरेंद्र कुमार लघु सचिवालय स्थित सभागार में जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रदीप कौशिक के साथ नागरिकों की शिकायतों की सुनवाई कर रहे थे। उन्होंने पेयजल कनेक्शन से संबंधित शिकायत की सुनवाई करते हुए जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे वार्ड नंबर 21 में अमृत कॉलोनी में सीवर लाइन में शीघ्र पेयजल कनेक्शन करवाएं ताकि नागरिकों को पेयजल उपलब्ध हो सकें। उन्होंने कहा कि अधिकारी समाधान शिविरों की लंबित




**रोहतक।** समाधान शिविर में लोगों की समस्याएं सुनते अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार ।

### ये रहे मौजूद

जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी राजपाल चहल, जिला राजस्व अधिकारी कनब लाकड़ा, कार्यकारी अभियंता गगन पांडे, अरूण मुंजाल, विजय दलाल, जिला समाज कल्याण अधिकारी महाबीर गोदारा, जिला कल्याण अधिकारी रेनू सिसोदिया, जिला खाद्य एवं पूर्ति नियंत्रक वरिंद्र सिंह, एलडीएम अमित खत्री, जिला परिवार कल्याण अधिकारी सुरेश भारद्वाज, सीएससी के जिला प्रबंधक भूपेंद्र श्योराण इस अवसर पर उपस्थित रहे।

### साधारण कागज पर लिखकर लाएं समस्या

अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार ने कहा कि नागरिक अपनी शिकायतों के निपटारे के लिए प्रत्येक सोमवार व वीरवार को सुबह 10 से 12 बजे तक जिला मुख्यालय व उपमंडल मुख्यालय पर आयोजित हो रहे समाधान शिविरों में उपस्थित हो सकते है। समाधान शिविरों में एक छत के नीचे सभी विभागों से संबंधित समस्याओं/शिकायतों का यथाशीघ्र निदान किया जाता है। उन्होंने कहा कि नागरिक समाधान शिविर में अपनी शिकायत अथवा समस्या को साधारण कागज पर लिखकर लाए। इसके लिए उन्हें कंप्यूटर से टाइप करवाने की आवश्यकता नहीं है। लिखने में असमर्थ नागरिकों की सहायता के लिए जिला प्रशासन द्वारा प्रबंध किए गए है।

### राजकीय महिला कॉलेज में लगाया रक्त जांच शिविर



**रोहतक।** राजकीय महिला महाविद्यालय लाखन माजरा में रक्त जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. इंदु सपरा के नेतृत्व में हुआ। यूथ रेड क्रॉस सोसाइटी की संचालिका डॉ. नीलम हुड्डा ने बताया कि रक्त जांच शिविर में 176 छात्राओं ने पंजीकरण करवाया। जांच में 79 छात्राओं में हीमोग्लोबिन की मात्रा कम पाई गई। स्वास्थ्य विशेषज्ञ द्वारा छात्राओं को उपचार के लिए परामर्श दिया गया। महाविद्यालय प्राचार्य ने जिन छात्रों में रक्त की कमी पाई गई है, उन्हें खान-पान संबंधी हिदायतें व स्वस्थ जीवन शैली अपनाने का सुझाव दिया गया। इस अवसर पर डॉ. अंजली मान, जोगिंदर, डॉ. पूनम, डॉ. अंजलि, सीमा, यूथ रेडक्रॉस सोसाइटी से अजय हुड्डा, डॉ. सोनू, डॉ. सुमित, रितेश, सरिता, ईश्वर सिंह दलाल आदि मौजूद रहे।